कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,कोटा (राज.)

(NAAC द्वारा "A" Grade प्राप्त संस्थान)
Email address principalgckota@gmail.com,

क्रमांक :- 1178

दिनांकः- 26/08/2023

कार्यक्रम रिपोर्ट

आज दिनांक 26.08.2023 को राजकीय महाविद्यालय कोटा में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, कोटा चेप्टर कोटा एवं महाविद्यालय के नवाचार प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 38 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत् 'ऑप्टोमेट्री में रोजगार के अवसर एवं नेत्र दान महादान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में डॉ. के.के कन्जोलिया, अध्यक्ष एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. सुरेश कुमार पाण्डेय, संयोजक, डॉ. सुरेश सेदवाल, सचिव श्री टींकु ओझा तकनिकी सहायक एवं आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, कोटा चेप्टर कोटा के वरिष्ठ सदस्य श्री जी.डी. पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. नीरजा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. के.के. कन्जोलिया ने कार्निया ट्रांसप्लान्ट, नेत्रदान, महादान, आई बैंक सोसायटी के बारें में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सुरेश पाण्डेय ने मॉडल के माध्यम से आँखों की संरचना के बारें में समझाया एवं विडियों के माध्यम से कार्निया ट्रांसप्लान्ट के बारें में समझाया गया। साथ ही ऑफ्थेल्मोलोजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार ने बताया की विद्याार्थी नेत्रदान, आई बैंक एवं कार्निया ट्रांसप्लान्ट, की जानकारी से परिवार एवं समाज के जरूतमंदो को जानकारी देकर उनकी जिन्दगी में रोशनी प्रदान करेंगें। कार्यक्रम के दौरान संकाय सदस्य श्री रामलक्ष्मण सैनी, एनएस.एस प्रभारी एवं छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष मीणा, सोनम सोनी, अविनाश मालव एवं आयुषी जागिंड को उनके सामाजिक कार्यो के लिए सोसायटी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गयें। कार्यक्रम में नवाचार प्रकोष्ट के संयोजक डॉ. एच.एस. गोस्वामी , सदस्य डॉ. नीजकमल राठौड़, श्री रामलक्ष्मण सैनी, वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. मोनिका दक्षिणी, प्रो. मंजु बाला यादव, प्रो. आर.पी सोमानी, आदि एवं महाविद्यालय के निद्याार्थियों ने सकिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. नीलकमल राठौड़ सदस्य नवाचार प्रकोष्ठ द्वारा सभी मंचासीन सदस्यों, आई बैंक सोसायटी, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय,कोटा